इधर महिलाएं प्रसाद लेतीं, उधर गले से चेन गायब

शहडोल, देशबन्धु। नगर के पॉलिटेक्निक मैदान में पिछले दिनों राम कथा का आयोजन हुआ था। इस कथा में आने वाली महिला श्रद्धालुओं के गले से सोने की चेन लगातार निकाली जा रही थी। कथा स्थल पर हो रही चयन स्नैचिंग से पुलिस भी हैरान थी। चेन स्नेचिंग का पता लगाने के लिए महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों की एक टीम कथा स्थल पर कथा सुनने रोजाना पहुंचने लगी। तब माजरा समझ में आया कि कुछ महिलाएं शातिराना तरीके से इस घटना को अंजाम दे रही है। बाद में पुलिस ने इन सभी महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। इन लुटेरी महिलाओं में कई उत्तर प्रदेश और बिहार की भी हैं। महिलाओं के कब्जे से पुलिस ने कुल 100 ग्राम वजन की पांच सोने की चेन बरामद की है। पुलिस के अनुसार श्रीराम कथा में प्रसाद वितरण के दौरान ये महिलाएं चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देतीं थी।

कोतवाली प्रभारी राघवेंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने पुरुष व महिला पुलिसकर्मियों को सादी वर्दी में कथा सुनने भेजा गया। चार दिन तक कथा के दौरान श्रोता भक्तों के बीच समय बिताने के बाद कुछ संदिग्ध महिलाओं की पहचान की गई। पीछा करने पर पता चला कि शहडोल से 40 किलोमीटर दूर बीरसिंहपुर रेलवे स्टेशन में महिलाओं ने डेरा जमा रखा है। वहां से वे ऑटो व दूसरे साधन से कथा स्थल तक पहुंचकर चेन स्नेचिंग करती थीं।

कैंची से चेन काट लेतीं थी

कोतवाली प्रभारी श्री तिवारी ने बताया कि यह लुटेरी महिलाएं प्रसाद वितरण का समय इसलिए चुनतीं थी कि उस समय महिलाओं का पूरा ध्यान प्रसाद लेने में रहता था, तभी ये धारदार कैंची से चेन काट लेतीं थी। ये महिलाएं सोने की चेन को अपने अंत:वस्त्र में छिपाकर रखती थीं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से 100 ग्राम वजनी 5 सोने की चेन जब्त कीं गईं है जिसका बाजार मूल्य लगभग 8 लाख रुपए है।

जिन आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है उनमें काजल कुमारी निवासी बक्सर बिहार उम्र 25 वर्ष व गौरी कुमारी उम्र 20 वर्ष, करिश्मा उम्र 25 वर्ष पटना, उप्र के गाजीपुर जिले की पिंकी देवी उम्र 50 वर्ष, रसूलपुर की अंजली कुमारी उम्र 21 वर्ष व मंजू कुमारी उम्र 45 वर्ष, जंगूपुर की पूजा कुमारी उम्र 20 वर्ष, रूनू कुमारी उम्र 20 वर्ष, बनारस की राधा देवी उम्र 52 वर्ष, मुगुनी उम्र 20 वर्ष, रिंकू देवी उम्र 28 वर्ष, बेबी कुमारी उम्र 20 वर्ष और प्रीति उम्र 24 वर्ष शामिल है।

लाडली बहना योजना के अधिकारी बन कर ठगे दस हजार

शहडोल, देशबन्धु। जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र में लाडली बहना योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। ठगों ने खुद को बैगा विकास विभाग का अधिकारी बताया और सास और बहू से के वाई सी कराने के लिए उनसे दस्तावेज मांगे, जिसके बाद उन्होंने खाते से हजारों रुपये पार कर दिए और फरार हो गए। पीड़ित सास-बहू की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सिंहपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय मीनू बैगा घर के बाहर पीएम आवास का मकान कंप्लीट होने पर उसका नाम लिखा था। दो लोग उसके घर आए और उसका नाम पुकार के उसे बाहर बुलाया। फिर खुद को बैगा विकास विभाग का अधिकारी बताते हुए लाडली बहना योजना का लाभ दिलाने के नाम पर सास-बहू से उनके आधार कार्ड और राशन कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज मांगे।

फिर के वाई सी कराने के नाम पर अंगूठा लगवा लिया और खाते से 10 हजार 500 रुपये पार कर दिए। इस दौरान महिलाओं के मोबाइल फोन पर रुपए ट्रांजेक्शन का मैसेज भी आया, जिसे ठगों ने फर्जी मैसेज बताकर तुरंत डिलीट करवा दिया और फरार हो गए। जब सास-बहू को शक हुआ तो उन्होंने बैंक में जाकर स्टेटमेंट निकलवाया, तब उन्हें ठगी का पता चला। इसके बाद दोनों थाने पहुंचीं और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

सार-समाचार

तिखवा के जंगल में तेंदुए का मूवमेंट, खेत से घर लौट रहे किसान पर हमला

शहडोल,देशबन्धु। शहडोल जिले के ब्यौहारी पश्चिम वन परिक्षेत्र अंतर्गत तिखवा जंगल में तेंदुआ ने एक किसान पर हमला किया है। इसके अलावा तेंदुआ ने तीन मवेशियों का भी शिकार किया है। बुधवार को घटना के बाद वन विभाग ने प्रभावित क्षेत्र में अलर्ट जारी किया है। तिखवा निवासी लाला यादव खेत से काम करके घर लौट रहा था तभी उस पर तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में वो बुरी तरह से घायल हो गया है और उसे उपचार के लिए ब्यौहारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। किसान की हालत स्थिर है।

तीन दिन से घूम रहा है तेंदुआ

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि तिखवा के जंगल में पिछले तीन दिनों से कई तेंदुए घूम रहे हैं। इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई है। वन विभाग के अधिकारी लगातार क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं। गांव के आसपास तेंदुए के घूमने से ग्रामीणों में दशहत का माहौल है। इसी क्षेत्र से जुड़े हुए गांव में जंगली हाथियों के झुंड से लोग परेशान थे अब तेंदुए का आतंक बन गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार जंगली हाथियों का मुमेट पिछले 15 दिनों से आसपास के गांव में है, और कई बोरियां धान भी जंगली हाथियों ने खा ली है, लेकिन वन विभाग कोई विशेष ध्यान नहीं दे रहा है जिससे लोगों में काफी गुस्सा है।

जवाबदार अधिकारी ट्रेनिंग में

ब्यौहारी क्षेत्र अंतर्गत अधिकांश जवाबदार अधिकारी ट्रेनिंग के लिए जिले से बाहर हैं। इस कारण मैदानी स्तर पर कर्मचारियों द्वारा लापरवाही की भी बात सामने आ रही है। एसडीओ, रेंजर समेत अन्य अधिकारी इन दिनों ट्रेनिंग में बैंगलोर गए हुए हैं।

सख्ती से गश्त करवा रहे

एसडीओ रेशम सिंह ने बताया कि बफर जोन से निकलकर तेंदुए इधर आ रहे हैं। प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों को जंगलों की ओर जाने से रोका जा रहा है। घायल किसान को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत स्थिर है।

सड़क किनारे राखड़ बन रही जानलेवा, बीमारी की आशंका

उमरिया,देशबन्धु। उमरिया जिले से गुजरने वाले एनएच 43 में बाइक सवारों का सफर मुश्किल हो रहा है। यहां जगह-जगह राखड़ के ढेर की डस्ट के कारण लोगों को परेशानी होती है। डस्ट उड़कर बाइक सवारों की आंखों और सांस के जरिए नाक में भी जाती है। इससे शरीर को भी नुकसान पहुंच रहा है। ताप विद्युत केंद्रों से निकलने वाली डस्ट लोगों की आंखों में जा रही, बीमारी की आशंका।

तेज रफ्तार वाहन हैंडपंप से टकराया, पानी भरता वृद्ध घायल

शहडोल,देशबन्धु। शहडोल के देवलौंद थाना क्षेत्र के बुड़वा गांव में एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन सड़क किनारे लगे हैंडपंप से टकरा गया, जिसकी चपेट में आने से पानी भर रहे एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद लोगों में आक्रोश है। बोलेरो में पुलिस की वर्दी मिली है। देवलौंद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया गया कि बुधवार की सुबह एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन देवलौंद थाना क्षेत्र के बुड़वा गांव में हायर सेकेंडरी स्कूल बरका तालाब के पास सड़क किनारे लगे हैंडपंप से टकराते हुए पलट गया। उस दौरान हैंड पंप में पानी भर रहे ददन बैस (65) उसकी चपेट में आ गए और गंभीर घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद बोलेरो वाहन नाली में घुसते हुए पलट गया, बताया गया की बोलेरो में कुल तीन लोग सवार थे, जो घटना के तुरंत बाद पीछे का कांच तोड़कर वाहन से निकलकर मौके से फरार हो गए। घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर दौड़े जब तक बोलेरो वाहन में सवार लोग मौके से फरार हो गए थे, घायल वृद्ध को स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और मौके पर विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों की जानकारी पर देवलौंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बोलेरो वाहन की चेकिंग की तो उसमें पुलिस आरक्षक की वर्दी मिली है। वर्दी में नेम प्लेट लगा हुआ है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावास के वार्डन को कलेक्टर ने किया निलंबित

उमरिया,देशबन्धु। उमरिया में नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावास से 14 नवंबर को चार छात्र, जिसमें सूर्या पिता स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह, करण पिता स्वर्गीय अशोक प्रजापति, भूपत पिता मान सिंह तथा आदित्य पिता बब्लू बैगा के गायब होने और 24 घंटे में पुलिस द्वारा बच्चों को दस्तयाब करने की खबर को 15 नवंबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।

इसके बाद कलेक्टर धरणेंद्र कुमार जैन ने मप्र सिविल सेवा नियत के तहत गिरवेश मिश्रा प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला महुरा और सहायक वार्डन नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावास लालपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी करकेली नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। बालक छात्रावास की व्यवस्थाओं के संबंध में अपेक्षानुसार कार्य नहीं किए जाने से यह प्रतिकूल परिस्थितियां लक्षित हुई हैं। अति संवेदनशील परिस्थिति में भी गिरवेश मिश्रा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को घटना के संबंध में देर से सूचित किया गया। छात्रावास संचालन और नियंत्रण में सम्यक निर्देशों का पालन नहीं किए जाने के कारण गिरवेश मिश्रा का उक्त कृत्य पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और अनुशासनहीनता का परिचायक है।

इंजन की चिंगारी से लगी आग

शहडोल, देशबन्धु। धान गहाई के दौरान ट्रैक्टर के इंजन से उठी चिंगारी ने खलिहान में रखी 250 बोरी से अधिक धान सहित ट्रैक्टर एवं थ्रेसर को जला राख कर दिया है। घटना जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में घटी है। चंद मिनट में ही आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि जब तक लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही आग ने अपने आगोश में ट्रैक्टर, धान एवं थ्रेसर को ले लिया और सब कुछ जलकर राख हो गया, जिससे किसान का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है। जिसमें यह साफ दिख रहा है कि आग कितने विकराल रूप में थी। यह वीडियो सोशल मीडिया में भी जमकर वायरल हो रहा है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के मलौटी गांव में धान की गहाई के लिए किसान रामचंद्र सिंह कंवर ने गांव के एक ट्रैक्टर को किराए पर बुलवाया था, जिसमें थ्रेसर लगा हुआ था, जो धान की गहाई कर रहा था। अचानक इंजन गर्म हुआ और इंजन से उठी चिंगारी से आग लग गई। किसान ने बताया की खलिहान में 250 बोरी से अधिक धान रखी हुई थी, आग

धान और ट्रैक्टर जलकर खाक

लगने से पहले तो धान जली और ट्रैक्टर में लगी आग से थ्रेसर और इंजन जलकर राख हो गया, जिससे किसान का काफी नुकसान हुआ है।घटना के दौरान वहां पर काफी लोग मौजूद थे, लेकिन आग ने इतनी जल्दी अपने आगोश में ले लिया कि लोग कुछ समझ ही नहीं पाए। लोगों ने दमकल कर्मियों को आगजनी की सूचना दी थी, लेकिन जब तक दमकल वाहन मौके पर पहुंचा तब तक आग ने सब कुछ जलाकर राख कर दिया था।

किसान रामचंद्र सिंह ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। मामले पर पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

मारपीट की रिपोर्ट लिखाने में लगे सात दिन

उमरिया,देशबन्धु। उमरिया जिला मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन पर पार्किंग ठेकेदार जितेंद्र श्रीवास्तव के साथ हुई मारपीट के मामले में सात दिन बाद एफआईआर दर्ज हुई।ठेकेदार को बिलासपुर से आ रहे जीएम के निर्देश पर पार्किंग व्यवस्था सुधारने का आदेश मिला था। जब उन्होंने स्टेशन आने वाले लोगों को सही जगह वाहन खड़ा करने को कहा, तो कुछ युवकों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने ठेकेदार और उनके कर्मचारियों की जमकर पिटाई की, जिससे ठेकेदार का कंधा टूट गया और उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान सैकड़ों यात्री मौजूद थे, लेकिन किसी ने हस्तक्षेप नहीं किया।घटना के बाद ठेकेदार ने जीआरपी और कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन सीमा विवाद के कारण मामला टलता रहा। ठेकेदार और उनके परिजन लगातार सात दिन तक पुलिस के चक्कर काटते रहे। अंतत: उमरिया कोतवाली में टीआई बालेंद्र शर्मा ने अपराध क्रमांक 579/24 के तहत चार आरोपियों लकी सिंह (ग्राम सलैया), आयुष अवस्थी, ऋषभ सिंह (धावड़ा कॉलोनी), और मनोज जावरकर (चपहा कॉलोनी) के खिलाफ मामला दर्ज किया।

घटनास्थल पर जीआरपी थाना की कमी

रेलवे स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण स्थल पर जीआरपी थाना या चौकी न होने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। जीआरपी थाना प्रभारी आर.एम. झरिया ने बताया कि विवाद वाहन खड़ा करने को लेकर हुआ था। हालांकि जीआरपी ने मामला उमरिया कोतवाली को सौंप दिया, लेकिन आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। प्रारंभिक रूप से जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया गया है, लेकिन मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाई जा सकती हैं।

स्थानीय लोगों में असुरक्षा का माहौल

इस घटना ने रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा की खामियों को उजागर कर दिया है। स्टेशन पर जीआरपी और पर्याप्त सुरक्षा उपायों की अनुपस्थिति से अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। स्थानीय प्रशासन से रेलवे स्टेशन पर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की मांग की जा रही है।

छेड़छाड़ से परेशान छात्रा ने की खुदकुशी

शहडोल,देशबन्धु। जिले गोहपारू थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने छेड़छाड़ से तंग आकर खुदकुशी कर ली है। 18 वर्षीय युवती जयसिंहनगर कॉलेज में प्रथम वर्ष में पढ़ती थी। प्रतिदिन की तरह वह सोमवार को कॉलेज गई थी, उसके साथ उसकी सहेली भी थी। मृतका की सहेली ने अपने बयान में बताया है कि जब वे दोनों कॉलेज जा रही थीं, तभी कॉलेज के पास एक युवक द्वारा उसके (मृतका) साथ छेड़खानी करते हुए बदतमीजी की गई। इस घटना का किसी ने वीडियो बना लिया। इसके बाद युवती अपने घर वापस लौटी और कपड़े बदलकर लापता हो गई। परिजनों ने उसकी तलाश की। जब युवती नहीं मिली तो परिजन सोमवार की रात गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने गोहपारू थाना पहुंचे। मंगलवार को युवती का शव घर के ही आंगन में स्थित कुएं में पड़ा मिला। शव देखकर परिजनों ने घटना की सूचना गोहपारू पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है। घटना के बाद जयसिंहनगर कॉलेज के बाहर का एक वीडियो सामने आया है जिसमें कॉलेज के लड़कों ने संदेही युवक और युवती को पकड़ लिया था। वीडियो में सुनाई दे रहा है कि लड़के ने लड़की के ऊपर पेट्रोल डाला है, जिस कारण से वह अपना चेहरा बांधकर रखी है। वहीं, संदेही युवक से लड़के यह भी पूछ रहे हैं कि तुमने उसके ऊपर पेट्रोल क्यों डाला, लेकिन युवक इसका कोई जवाब नहीं देता है। कॉलेज के लड़के यह भी कह रहे हैं कि दोनों को थाने में छोड़ आओ। उक्त वीडियो में संदेही युवक कहता हुआ सुनाई दे रहा है कि लड़की से मेरी शादी लगी हुई है। इस पर कॉलेज के लड़के बार-बार कह रहे हैं कि जब तुम्हारी शादी लगी है तो तुम उसके ऊपर पेट्रोल क्यों डाल रहे हो। संदेही लड़का इस बात का भी जवाब नहीं दे पाता है और वहां से भाग जाता है।

पिता बोले- शाम से गायब हो गई-युवती के पिता ने बताया कि शाम को वह मेरे साथ मवेशियों को बांध रही थी। इसके बाद अचानक कहीं चली गई। हमने सोचा कि वह आसपास मोहल्ले में होगी और कुछ देर में वापस घर लौट आएगी। लेकिन, काफी देर बाद भी घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कहीं पता नहीं चला तो हम लोगों ने थाना जाकर इसकी सूचना दी। गोहपारू थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने बताया कि छेड़छाड़ से परेशान होकर कॉलेज की छात्रा ने खुदकुशी की है, ऐसा उसकी सहेली ने बयान में बताया है। मामले पर मर्ग कायम कर संदेही युवक की तलाश के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। जब संदेही पकड़ा जाएगा, तो मामला पूरा खुलकर सामने आएगा।

आरोपी युवती का रिश्तेदार -गोहपारू पुलिस ने बताया कि संदेही युवक के गांव गांधिया में मृतका की बड़ी बहन ब्याही है। युवक और युवती आपस में रिश्तेदार भी हैं।

सचिव के भाई ने पंचायत के रंग-मंच पर कब्जा कर खोला कैंटीन

कालनेमी का चोला ओढ़ सचिव से बने बड़े महराज

उमरिया,देशबन्धु। उमरिया जिले की ग्राम पंचायतों की संपत्ति को हथिया कर उसमें कब्जा करने के मामले लगातार उजागर हो रहें हैं, कही पर तालाबों में कतिपय लोगों ने कब्जा कर लिया तों कही पर शासकीय भवनों पर ग्राम पंचायतों से जुड़े कतिपय लोगों ने शासकीय संपत्ति पर अपना कब्जा करने के उद्देश्य से कुंडली मार कर बैठ गए है । ऐसा ही ग्राम पंचायत के रंगमंच के हेराफेरी का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है । बताया जाता है कि उचेहरा ग्राम पंचायत में एक रंगमंच का निर्माण ग्राम पंचायत के तत्कालीन सचिव भंडारी सिंह के व्दारा कराया गया था , यह भवन ज्वाला धाम मंदिर के सामने शासकीय धनराशि व्यय कर रंगमंच का निर्माण कराया गया था , निर्माण काल से ही इस रंग मंच पर ग्राम पंचायत के सचिव की नजर लगी हुई थी ।? रंगमंच के निर्माण के बाद इस भवन को ग्राम पंचायत के सचिव ने इस भवन को कैंटीन बनाकर अपने भाई रामचरण को दे दिया है । बताया जाता है कि इस रंग मंच को अब विधिवत लाज के रूप में परिवर्तित कर लिया गया है , और हर माह इस शासकीय भवन के जरिए लाखों रूपए कमाए जा रहें हैं, साथ ही यह रंगमंच पिछले एक दशक से गायब ही कर दिया गया है । मालूम होवे कि मध्यप्रदेश शासन का उद्देश्य था कि रंगमंच के निर्माण से पंचायत के लोगों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए सुविधा मिलेगी और लोगों को सार्वजनिक प्रयोजन के कार्यक्रमो के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, लेकिन देखने में आया है कि एक विधि के जानकार शासकीय कर्मचारी जिसके हाथ में ग्राम पंचायत की कुंजी थी उसी ने अपने व्यवसायिक प्रयोजन के लिए सारे नियम कानूनों को बलायेताक में रखते हुए रंगमंच को अपने सगे भाई को सौंप कर शासकीय संपत्ति पर डाका डाल दिया है ।

ध्यान देने योग्य है कि ग्राम पंचायत के परिसंपत्तियों का रिकार्ड हर ग्राम पंचायत में परिसंपत्तिय रजिस्टर में दर्ज होना चाहिए, लेकिन इस भवन का उल्लेख ग्राम पंचायत में हो उस पर संशय बना हुआ है । बताया जाता है कि कई शासकीय भवन है जिन पर तत्कालीन सचिव महोदय का कब्जा बना हुआ है ।

उमरिया जिले में भंडारी सिंह एक ऐसे ग्राम पंचायत सचिव है , जो कि सचिव कम बड़े महराज जी के नाम से ज्यादा विख्यात है , अधिकांश अधिकारियों को तो पता भी नहीं होगा कि बड़े महराज जी एक पंचायत के सचिव भी है और अन्दर ही अन्दर पंचायत के शासकीय धनराशि की बाट लगा रहे हैं । ग्राम पंचायत की सरकारी संपत्तियों पर कब्जा करने के लिए ही इन्होंने त्रेतायुग के कालनेमी के समान कलयुग में मां ज्वाला का दुशाला ओढ़कर शासकीय संपत्ति की लूट मचा रखी है । इन पर इसके पूर्व भी इस तरह के तीखे आरोप लगाये जाते रहे हैं ,कि इन्होंने उचेहरा ग्राम पंचायत में सचिव के पद पर सुशोभित होते हुए शासकीय धनराशि का और ज्वाला धाम में चंदा मे एकत्रित करोड़ों रुपयों की धन राशि को घालमेल कर एक ही काम में पंचायत की शासकीय धन राशि और ज्वाला धाम में मिली धन राशि का दोनों जगह बिल वाउचर लगाकर करोड़ों रुपयों की हेराफेरी की है । बताया जाता है कि यह कभी भी ग्राम पंचायत की चौखट पर नहीं चढ़ते । और तो और जिला पंचायत व जनपद की बैठकों में भी कभी नहीं देखें जाते । शासकीय नौकर होकर मां ज्वाला धाम के सिंहासन से ही इनकी सेवा पकती है । जिले के जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी के बाद एक सचिव बिना सेवा दिये ही पूरी शासकीय वेतन भत्ते और काली कमाई करते देखे जाते हैं । आश्चर्यजनक कहा जाये कि आखिर कार जिम्मेदार अधिकारियों की इस मेहरबानी के पीछे का रहस्य क्या है ,यह तो बड़े महराज जी और अधिकारी ही जाने लेकिन अधिकारियों की इस कृपा से हर एक जानने वाले हतप्रभ हैं । क्षेत्रीय नागरिकों ने नवागत कमिश्नर से अपेक्षा कि है ग्राम पंचायतों में मची इस लूट और अधिकारियों के कार्यशैली पर रोक लगाने के लिए आवश्यक पहल करेंगी ।